मनोहर लाल
MANOHAR LAL

सत्यमेव जयते

D.O. No. CMH-2015/..

मुख्य मन्त्री, हरियाणा,
चण्डीगढ़ ।
CHIEF MINISTER, HARYANA,
CHANDIGARH.

Dated 13.8.2015

सन्देश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि बाबू मूलचंद जैन जन्म शताब्दी समारोह समिति द्वारा मास अगस्त, 2015 में करनाल में बाबू मूलचंद जैन जी की जन्म शताब्दी मनाई जा रही है ।

बाबू मूलचंद जैन जी किशोरावस्था से ही देशभक्ति से ओत–प्रोत थे । देशभर में उन्हें 'हरियाणा के गांधी' और एक गांधीवादी स्वतंत्रता सेनानी के रूप में याद किया जाता है । स्वतंत्रता से पूर्व उन्होंने महात्मा गाँधी द्वारा अंग्रेजों के खिलाफ चलाए गए भारत छोड़ो आंदोलन व व्यक्तिगत नागरिक अवज्ञा अंदोलन के दौरान और स्वतंत्रता के पश्चात् आपातकाल के दौरान जेल में यातनाएं सहीं । उन्होंने एक पृथक हरियाणा राज्य के गठन में भी अहम भूमिका निभाई ।

बाबू जी में गरीबों, जरूरतमंदों और बेसहारों के हकों के लिए लड़ने की बेजोड़ ऊर्जा थी । अनेक उच्च पदों पर आसीन रहने के बावजूद उनकी सादगी, मासूमियत सदा बरकरार रही और वे हमेशा जमीन से जुड़े रहे । इस प्रकार 'सादा जीवन उच्च विचार' की कहावत उन पर सटीक बैठती है । उन्होंने एक ऐसे भारत की परिकल्पना कि जो धार्मिक, आर्थिक–सामाजिक विषमताओं, भ्रष्टाचार, शोषण एवं कुप्रथाओं से मुक्त हो ।

मैं बाबू मूलचंद जैन जी के जन्म शताब्दी समारोह के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

मनोहर लाल

(मनोहर लाल)